एक नजर में

राठौर सकल पंच ट्रस्ट में होंगे चुनाव

कोर्ट के हस्तक्षेप से निकला हल, तहसीलदार नियुक्त

खंडवा। राठौर सकल पंच ट्रस्ट में वर्षों से चल रहे विवाद पर आखिरकार विराम लगने जा रहा है। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के सख्त निर्देशों के बाद अब ट्रस्ट के रिक्त पदों पर चुनाव कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अनुविभागीय अधिकारी एवं पंजीयक सार्वजनिक न्यास खंडवा ने आदेश जारी कर तहसीलदार महेश सिंह सोलंकी को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है।

यह मामला वर्ष 2013 से न्यायालय में लंबित था। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर ने 5 फरवरी 2026 को सुनवाई करते हुए वर्ष 2013 में पारित आदेशों को निरस्त करते हुए ट्रस्ट के चुनाव विधि अनुसार 60 दिनों के भीतर कराने के निर्देश दिए। ट्रस्ट में पहले 14 ट्रस्टी थे, लेकिन वर्तमान में केवल एक ट्रस्टी मनोहरलाल जीवित हैं, जबकि शेष 13 का निधन हो चुका है। इसी कारण लंबे समय से ट्रस्ट का संचालन ठप पड़ा हुआ था।

हाईकोर्ट के आदेश के बाद प्रशासन ने चुनाव प्रक्रिया को गति दे दी है। चुनाव पूर्ण होने तक ट्रस्ट के बैंक खातों से राशि निकासी पर रोक लगा दी गई है। हालांकि बिजली बिल, वेतन और पूजा सामग्री जैसे जरूरी खर्च तहसीलदार की अनुमति से ही किए जा सकेंगे।

प्रशासन ने ट्रस्ट के 456 सदस्यों की अंतरिम सूची जारी कर दी है और इस पर 10 अप्रैल 2026 तक आपत्तियां मांगी गई हैं। इसके बाद 18 अप्रैल 2026 तक चुनाव कार्यक्रम जारी कर नामांकन, जांच, नाम वापसी, मतदान और मतगणना की पूरी प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए पुलिस और प्रशासनिक सहयोग भी लिया जाएगा।

इस पूरे मामले में आपत्तिकर्ता की ओर से अधिवक्ता महेश राठौर ने पैरवी की, जिनके प्रयासों से यह फैसला सामने आया है। अब समाज की नजरें आगामी चुनाव प्रक्रिया पर टिकी हैं, जिससे ट्रस्ट की नई कार्यकारिणी का गठन होगा और लंबे समय से चला आ रहा विवाद समाप्त होने की उम्मीद है।

आपदा प्रबंधन प्रतिरक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम जावर में आयोजित

खंडवा। ग्राम जावर में आपदा प्रबंधन प्रतिरक्षण कार्यक्रम ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति जावर के द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर जावर में एक दिवसीय प्रशिक्षण बुधवार को 8 अप्रेल 26को आयोजित किया गया उक्त प्रशिक्षण में मुख्य अतिथि डॉ देवेन्द्र कुमार झरानिया, विशिष्ठ अतिथि तेजकरण सावले, बी सी एम सर, प्राचार्य दिपीका साकल्ले रहे एवं आज के प्रशिक्षण में अध्यक्षता जिला समन्वयक जन अभियान परिषद् श्री जगदीश पेटल ने की कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षक की भूमिका निभा रहे मेंटर मयंक राठोर ने आपदा प्रबंधन के बारे मे प्रकाश डालते हुए विस्तृत रूप से उपस्थित सदस्यो को जानकारी दी गई । श्री राठौर के द्वारा प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं को समझाया गया व उनमें अंतर भी स्पष्ट किया गया एवं उन्होंने आपदा आने के पहले की तैयारी, आपदा के दौरान सूझ बूझ कर इस से अपनाने हेतु निर्णय लेने की तैयारी आपदा के बाद सामान्य जीवन में वापस आ सकने की तैयारी के बारे में बताया उन्होंने बाढ़, सूखा, भूस्खलन, भूकंप, चक्रवात, सुनामी जैसी प्राकृतिक आपदा को समझाते हुए मानव निर्मित आपदा जैसे प्रदूषण, गंदगी महामारी (बिमारी) कोविड 19, आगजनी, को विस्तृत रूप से व्यापक स्तर पर समझाया व अंत में वर्तमान समय में विश्व युद्ध जैसी समस्याओ को भी एक आपदा मानकर उसके बारे में वर्णन किया इस दौरान उन्होंने सूखा संबंधित आपदा के अंर्तगत जल संरक्षण कर जब संरक्षण की संरचनाओं का निर्माण करने पर फोकस डाला जिससे की भविष्य के समय में सूखा जैसी आपदा से निपटा जा सके। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने बाढ़,सुनामी, भूकंप, ओर चक्रवात आदि पर चित्र भी बनाये। अतिथियों द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। समापन सत्र में आगजनी का लाईव डेमो दिखाकर आग को कैसे बुझाएं बताया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन राजकुमार मालाकार विकास खंड समन्वयक द्वारा किया गया। अंत में उपस्थित समस्त जनो का आभार नारायण फरकले द्वारा माना गया। प्रशिक्षण में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति जावर के सदस्य, सांदिपनी विद्यालय जावर के प्राचार्य दिपिका साकल्ले एवं विद्यार्थी एव स्वास्थ विभाग का स्टाफ सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

9 से 23 अप्रैल तक मनाया जाएगा 8वां पोषण पखवाड़ा

खंडवा। जिले सहित प्रदेशभर में 9 से 23 अप्रैल तक 8वां पोषण पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस वर्ष पखवाड़े की थीम 'जीवन के पहले छह वर्षों में मस्तिष्क का अधिकतम विकास' रखी गई है। इसका शुभारंभ 9 अप्रैल को आंगनवाड़ी केंद्रों और समुदाय स्तर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जाएगा। इस दौरान 'पोषण पर चर्चा' कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को मातृ एवं शिशु पोषण के प्रति जागरूक किया जाएगा।

पखवाड़े के दौरान जन्म से 3 वर्ष तक बच्चों के मस्तिष्क विकास के लिए प्रारंभिक प्रोत्साहन, 3 से 6 वर्ष तक खेल आधारित शिक्षा, बच्चों में स्क्रीन टाइम कम करने में परिवार की भूमिका तथा सशक्त आंगनवाड़ी निर्माण में सामुदायिक सहयोग जैसे विषयों पर गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए स्वास्थ्य शिविर, पोषण संबंधी कहानी वाचन, दादी-नानी के अनुभव साझा कार्यक्रम और स्थानीय खाद्य सामग्री से पौष्टिक व्यंजन प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी।

अभियान के तहत जंक फूड के दुष्प्रभावों को लेकर जागरूकता रैली, बच्चों के विकासात्मक मील के पत्थरों की पहचान तथा माता-पिता के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल सत्र आयोजित किए जाएंगे। 22 अप्रैल को पंखुड़ी पोर्टल के माध्यम से आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए सामुदायिक सहयोग एवं दान अभियान चलाया जाएगा, जबकि 23 अप्रैल को पोषण मेला आयोजित कर जनप्रतिनिधियों और समाज के लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

सीईओ जिला पंचायत ने एचपीवी टीकाकरण केंद्र का किया निरीक्षण

खंडवा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा ने बुधवार को एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत संजीवनी क्लिनिक रामेश्वर में चल रहे टीकाकरण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने टीका लगवा रही किशोरियों से चर्चा कर उन्हें टीकाकरण के महत्व के बारे में जानकारी दी।

निरीक्षण के दौरान डॉ. गौड़ा ने कु. वैष्णवी तिवारी को स्वयं सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी का टीका लगाया। उन्होंने संजीवनी क्लिनिक में दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी चिकित्सकों और स्टाफ से भी ली तथा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रश्मि कौशल तथा एचपीवी टीकाकरण अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. योगेश शर्मा भी मौजूद रहे।

अब दापोरा और बिरोदा समिति में करोड़ों के गबन की आहट!

18 साल पुराने रिकॉर्ड खंगालेगी खंडवा की 6 सदस्यीय ऑडिट टीम

नवभारत न्यूज

खंडवा। सहकारिता विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार की परतें अब तेजी से उधड़ने लगी हैं। जिला सहकारी बैंक से जुड़ी समितियों में किसानों की गाढ़ी कमाई डकारने वाले 'नटवरलालों' पर शिकंजा कसने के लिए इंदौर संभाग के संयुक्त आयुक्त ने बड़ा कदम उठाया है। बुरहानपुर जिले की दो बड़ी समितियों—बिरोदा और दापोरा में करोड़ों की वित्तीय अनियमितताओं की आशंका के चलते विशेष ऑडिट के आदेश जारी किए गए हैं। इस आदेश के बाद विभाग के भीतर हड़कंप मच गया है।

दापोरा में 18 साल पुराना भ्रष्ट्राचार खंगालेगी टीम :संयुक्त पंजीयक द्वारा गठित विशेष दल को इन समितियों के पुराने रिकॉर्ड की बारीकी से छानबीन करने के निर्देश दिए गए हैं।

दापोरा समिति- यहाँ भ्रष्टाचार की जड़ें काफी पुरानी बताई जा रही हैं। टीम वर्ष 2008-09 से 2013-14 तक के खातों की जांच करेगी। प्राथमिक सूचना के अनुसार, ऋण वितरण और अमानत खातों के मिलान में भारी अंतर है, जिसे बैलेंस शीट में हेरफेर कर छिपाया गया था।

बिरोदा समिति - यहाँ वर्ष 2022-23 से 2024-25 तक के पिछले तीन वर्षों के लेन-देन का विशेष ऑडिट किया जाएगा।

खंडवा-बुरहानपुर के 6 अधिकारियों का 'स्पेशल दस्ता' : भ्रष्टाचार के इस चक्रव्यूह को भेदने के लिए विभाग ने दोनों जिलों के तेजतर्रार अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाई है। इस दल में खंडवा से भागवती मोरे, जीपी नागवंशी, हेमंत सावले, देवीसिंह मण्डलोई और बुरहानपुर से पुष्पांजलि पाण्डेय एवं आकाश अग्रवाल को शामिल किया गया है। टीम को 2 माह के भीतर रिपोर्ट पेश करने और गबन सिद्ध होने पर धारा 58(बी) के तहत सीधे कोर्ट में केस दर्ज कराने की जिम्मेदारी दी गई है।

कलेक्टर के आदेश 'हवा हवाई', पुराने मामलों में कछुआ चाल

एक तरफ प्रशासन नई जांचों के जरिए सख्ती का संदेश दे रहा है, वहीं जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। सूत्रों के अनुसार, कलेक्टर के पिछले कड़े निर्देशों के बावजूद पुराने भ्रष्टाचार के मामलों की जांच अत्यंत धीमी गति से चल रही है। जांच रिपोर्टों में देरी का सीधा लाभ दोषियों को मिल रहा है, जिससे वे साक्ष्य मिटाने और कानूनी कार्रवाई से बचने का रास्ता निकाल रहे हैं।

जांच या रस्म अदायगी?

सहकारिता विभाग के ऑडिट तंत्र पर अब सवाल उठने लगे हैं। पिपलानी जैसे बड़े गबन के बाद भी प्रशासन का सुस्त रवैया किसानों की चिंता बढ़ा रहा है। क्या यह नई विशेष जांच वास्तव में 'नटवरलालों' को जेल की सलाखों के पीछे पहुँचाएगी, या यह भी पुरानी फाइलों की तरह विभाग की अलमारी में दफन होकर रह जाएगी?

हरियाणा का 'सौदागर' 29 तलवारों के साथ पुलिस के हत्थे चढ़ा

नवभारत न्यूज

खंडवा। अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले के खिलाफ खंडवा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तलवारों का जखीरा बरामद किया है। पुलिस ने बमनगांव रोड पर घेराबंदी कर हरियाणा के एक शातिर युवक को दबोचा, जो बोरे में 29 धारदार तलवारें भरकर शहर में बेचने की फिराक में था।

पुलिस को पहले से भनक लग गई थी बाद :मुखबिरों का ऐसा जाल बिछाया कि हरियाणा का यह तस्कर बच नहीं सका। गिरफ्तार आरोपी प्रदीप, निवासी कैथल (हरियाणा), खुद को सरदार के वेश में छिपाकर रेल्वे आउटर के पास ग्राहकों की तलाश कर रहा था। जैसे ही पुलिस ने दबिश दी, सफेद बोरे में छिपी 29 तलवारें देखकर हर कोई दंग रह गया।

आरोपी के पास इन हथियारों का न तो कोई लाइसेंस था और न ही कोई संतोषजनक जवाब। पुलिस की कड़क पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड दिल्ली के रेलवे स्टेशन थाने में भी दर्ज है। कोतवाली थाना प्रभारी प्रवीण आर्य और उनकी टीम अब उन 'सफेदपोशों' की कुंडली खंगाल रही है, जो शहर में इन अवैध हथियारों को खरीदने वाले थे।

नारायण बाहेती को 8वीं बार इंटरनेशनल प्रेसिडेंट सर्टिफिकेट

नवभारत न्यूज

खण्डवा। लायन्स डिस्ट्रिक्ट 3233 जी 1 की 2 दिवसीय डिस्ट्रिक्ट कांफ्रेंस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन अनिल खण्डेलवाल के नेतृत्व में इंदौर में सम्पन्न हुई। डिस्ट्रिक्ट कांफ्रेंस में कैबिनेट मीटिंग, नेकरोलॉजी, व आगामी वर्ष के लिए चुनाव सम्पन्न हुए।

डिस्ट्रिक्ट कांफ्रेंस में सेवा व प्रशासनिक कार्यो के आधार पर गेट एरिया वाईस लीडर लायन कुलभूषण मित्तल व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन अनिल खण्डेलवाल की अनुसंशा पर लायन्स इंटरनेशनल के इंटरनेशनल डायरेक्टर जितेंद्र चौधरी के हाथों डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन नारायण

बाहेती का इंटरनेशनल प्रेसिडेंट लायन के पी सिंह के हस्ताक्षर युक्त लायन्स इंटरनेशनल प्रेसिडेंट एप्रिसिएशन सर्टिफिकेट से सम्मान किया गया।इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अनिल खण्डेलवाल के साथ ही गेट एरिया वाईस लीडर व लायन्स इंटरनेशनल डायरेक्टर इंडोसी कुलभूषण मित्तल,वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन जयप्रकाश त्रिपाठी ,लायन राम जाट,पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर्स, केबिनेट मेम्बर्स व डिस्ट्रिक्ट के 1500 से अधिक पदाधिकारियों की विशेष उपस्थिति में नारायण बाहेती को यह महत्वपूर्ण सम्मान दिया गया।रीजन चेयर पर्सन राजीव मालवीय ने बताया कि नारायण बाहेती को विभिन्न वर्षो में यह 8 वी बार इंटरनेशनल प्रेसिडेंट सर्टिफिकेट से सम्मान प्राप्त हुआ है।श्री बाहेती को यह महत्वपूर्ण सम्मान नेत्रदान, देहदान, अन्नदान,स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन, लायन्स इमेज बिल्डिंग व पीड़ित मानव सेवा कार्यो व लीडरशिप व डिस्ट्रिक्ट में सक्रियता के लिए प्रदान किया गया। नारायण बाहेती को लायन्स इमेज बिल्डिंग के क्षेत्र में किये गए कार्यों हेतु बहु प्रांतीय मल्टीपल डिस्ट्रिक्ट हेतु चयनित किया गया। इस महत्वपूर्ण सम्मान प्राप्ति पर लायन्स क्लब खण्डवा व डिस्ट्रिक्ट के लायन साथियों ने हर्ष व्यक्त किया।

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर नि : शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

खंडवा। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एडी हिंदुजा हार्ट केयर हॉस्पिटल और स्टार हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी के संयुक्त तत्वावधान में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। शिविर के दौरान नर्स ज्योति पटेल ने ईसीजी परीक्षण किया। डॉ सलीम अख्तर ने सामान्य रोगों की जांच कर मरीजों को परामर्श दिया। दिनेश पखाले ने शुगर जांच, श्री पवन सकारिया ने ब्लड प्रेशर जांच तथा श्री राहुल कड़ोले ने तापमान जांच कर लोगों को आगे की जांच के लिए मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर डॉ अजीत वर्मा ने व्यस्त दिनचर्या में भी स्वस्थ रहने के उपाय बताए, जबकि डॉ जीएल हिंदुजा ने खान-पान से जुड़ी आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में स्टार हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी, खंडवा शाखा के प्रबंधक संजय गुप्ता ने डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और अस्पताल प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

17 पंचायतों से 70 लाख की वसूली के आदेश

खंडवा। जिले में सरकारी धन के दुरुपयोग और वित्तीय अनियमितताओं के विरुद्ध जिला प्रशासन ने दंडात्मक कार्रवाई को अंजाम दिया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं विहित प्राधिकारी ने जिले की 17 ग्राम पंचायतों के सरपंचों, सचिवों, उपयंत्रियों और ग्राम रोजगार सहायकों के विरुद्ध कुल 70.61 लाख रुपये की भारी-भरकम वसूली के आदेश पारित किए हैं। मध्यप्रदेश पंचायतराज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 89 और 92 के तहत की गई इस कार्रवाई ने समूचे जिले के प्रशासनिक और राजनैतिक हलकों में खलबली मचा दी है।

इस बड़ी कार्रवाई के तहत सबसे गंभीर मामला जनपद पंचायत खंडवा की ग्राम पंचायत नहाल्दा में सामने आया है, जहाँ तत्कालीन सरपंच दुर्गादास मीणा और सचिव दिनेश पाटीदार से 22.83 लाख रुपये की वसूली की जाएगी, साथ ही वर्तमान सरपंच और सचिव पर भी सवा लाख से अधिक की राशि निकाली गई है। इसी तरह जनपद पंचायत पंधाना की ग्राम पंचायत मोरदड में तत्कालीन सरपंच राधेश्याम पंवार और सचिवों से लगभग 11 लाख रुपये तथा गोडवाडी की तत्कालीन सरपंच संगीताबाई और सचिव कोमलराम सांगुले से 5.30 लाख रुपये वसूलने के निर्देश दिए गए हैं। पंधाना की ही गुडीखेडा, बलरामपुर, पाँचम्बा और इस्लामपुर पंचायतों में भी लाखों की अनियमितता उजागर हुई है।

भ्रष्टाचार की यह जड़ें खालवा जनपद तक भी फैली पाई गई हैं, जहाँ ग्राम पंचायत कुंदईमाल की तत्कालीन सरपंच मनुकाबाई और सचिव योगेश पटेल से 3.44 लाख रुपये तथा मीरपुर व कालाआमकला पंचायतों में भी भारी वसूली अधिरोपित की गई है। छैगांवमाखन जनपद के अंतर्गत भीलेखेडी, आरूद, धनगांव और सालई जैसी पंचायतों में सरपंच-सचिवों पर शिकंजा कसा गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह वसूली तहसीलदार के माध्यम से भू-राजस्व की भाँति सख्ती से की जाएगी, जिसमें दोषियों की संपत्ति कुर्क करने तक का प्रावधान है। हरसूद की तोरनिया पंचायत में भी सचिव और उपयंत्री को इस वित्तीय गबन का दोषी पाया गया है। जिला प्रशासन की इस 'सर्जिकल स्ट्राइक' ने यह साफ संदेश दे दिया है कि विकास कार्यों में लापरवाही और भ्रष्टाचार करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और जनता की पाई-पाई का हिसाब सरकारी खजाने में वापस जमा कराया जाएगा।

डॉ. अंबेडकर जयंती पर होंगे कई कार्यक्रम

खण्डवा। भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में आगामी 10 से 14 अप्रैल तक प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय एवं विकासखंड मुख्यालयों पर समारोहपूर्वक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सभी जिला मुख्यालय एवं विकासखंड मुख्यालयों पर 10 से 14 अप्रैल के बीच हितग्राही सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में डॉ. अंबेडकर के जीवन दर्शन, विचारों, लोकतंत्र के लिए उनके योगदान तथा संविधान निर्माण में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला जाएगा। विकासखंड स्तरीय सम्मेलन में शासन की विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को भी आमंत्रित किया जाएगा तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में नागरिकों को जानकारी दी जाएगी।

होमगार्ड सैनिकों के लिए स्वास्थ्य शिविर

खंडवा। महानिदेशक, होमगार्ड्स, नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन मध्यप्रदेश द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुसार होमगार्ड तथा एसडीईआरएफ सैनिकों के लिये स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर बुधवार को जिला चिकित्सालय खण्डवा के तत्वावधान में जेल रोड खण्डवा स्थित जिला होमगार्ड कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया।

शिविर में जिला चिकित्सालय, खण्डवा के अस्थिरोग विशेषज्ञ डॉ. राजेश गुप्ता, जनरल मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. स्नेह जनवादे, चर्मरोग विशेषज्ञ डॉ. दीपाली बेले, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रांगनी तथा नाक, कान, गला रोग विशेषण डॉ. अडल उपस्थित थे। शिविर में उपस्थित डॉक्टर्स की टीम द्वारा कुल 67 होमगार्ड व एसडीईआरएफ सैनिकों की मौके पर ब्लडप्रेशर व शुगर की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया गया। शिविर में होमगार्ड व एसडीईआरएफ जवानों के 22 परिजनों का भी स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में सभी मरीजों को नि:शुल्क दवाईयों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर होमगार्ड के डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट आशीष कुमार कुशवाहा, प्लाटून कमाण्डर रविन्द्र महिवाल, एएसआई मनीष यादव व अंकेश सोमानी भी उपस्थित थे।

नेशनल यूथ पार्लियामेंट की प्रतियोगिता

खंडवा। राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति, नई दिल्ली के निर्देशानुसार खालवा विकासखंड के ग्राम रोशनी में स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में सोमवार को प्रथम नेशनल यूथ पार्लियामेंट की वेस्ट जोन की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एकलव्य विद्यालय रोशनी की प्राचार्या सचि चौधरी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय थांदला जिला झाबुआ, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय मोरडुंडीया, जिला झाबुआ, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय जुन्नारदेव, जिला छिंदवाड़ा एवं एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय रोशनी के विद्यार्थियों ने सहभागिता की। इस प्रतियोगिता के निर्णायकों में बुरहानपुर के पूर्व विधायक श्री सुरेन्द्र सिंह ठाकुर, राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति भोपाल की काउंसलर सुश्री मृदुला त्रिपाठी एवं प्राचार्य, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय चिचोली, जिला बैतूल श्री जंगबहादुर शामिल थे। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय रोशनी जिला खंडवा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रतियोगिता के अगले चरण में प्रवेश कर लिया।

कलेक्टर ने संत सिंगाजी समाधि स्थल पर विकास कार्यों का जायजा लिया

खंडवा। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बुधवार को संत सिंगाजी समाधि स्थल के आसपास पर किए जा रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान अपर कलेक्टर सृष्टि देशमुख गौड़ा और एसडीएम पुनासा पंकज वर्मा सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। भ्रमण के दौरान कलेक्टर गुप्ता ने संत सिंगाजी समाधि तक आने जाने के लिए निर्मित किये जा रहे पहुंच मार्ग तथा पुल निर्माण का कार्य देखा। उन्होंने इस अवसर पर पर्यटन निगम द्वारा समाधि स्थल के बाहर किए जाने वाले सौंदर्यीकरण के कार्यों के संबंध में भी पर्यटन निगम के अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने समाधि स्थल पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए संत सिंगाजी समाधि के पीछे स्थित नर्मदा घाट पर मजबूत रेलिंग लगाने के निर्देश भी उपस्थित अधिकारियों को दिए।

किसानों के समर्थन में कांग्रेस का जंगी प्रदर्शन आज

हजारों की संख्या में किसान और कार्यकर्ता प्रदर्शन में होंगे शामिल

खंडवा। किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर एवं सरकार की किसान विरोधी एवं जन विरोधी नीतियों को लेकर कांग्रेस आज सड़क पर उतरकर उनकी समस्याओं के लिए आंदोलन करेंगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी जी के निर्देश पर पूरे प्रदेश में जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण/शहर द्वारा आज एक साथ जिला कलेक्टर कार्यालयों पर प्रदर्शन किया जाएगा।

जिला कांग्रेस प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर आज जिले में जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज दिनांक 9 अप्रैल सुबह 11:30 बजे जिला कलेक्टर कार्यालय पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा जंगी प्रदर्शन किया जाएगा। तय कार्यक्रम अनुसार प्रात: 11 बजे जिले के कार्यकर्ता टैगोर पार्क स्थित महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा के पास एकत्रित होकर वहा से पैदल मार्च करके कलेक्ट्रेट पहुचकर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष (ग्रामीण) उत्तमपाल सिंह ने बताया कि जिले के समस्त किसान, पूर्व प्रत्याशी, जिला पदाधिकारी, मंडलम, ब्लाक, सहित कांग्रेस के समस्त प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, सदस्य सहित ज़िला कांग्रेस प्रभारी एवं हरदा विधायक आर के दोगने,पूर्व विधायक राजनारायण सिंह सहित जिले एवं शहर के वरिष्ठ कांग्रेसजन मौजूद रहेंगे।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष (शहर)प्रतिभा रघुवंशी ने बताया कि शहर कार्यकारिणी के समस्त कार्यकर्ता सहित समस्त कांग्रेस प्रकोष्ठों के पदाधिकारी 11 बजे गांधी भवन में एकत्रित होंगे, जहां से वाहन रैली के रूप में रवाना होकर महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा स्थल पर पहुंचेंगे। यहां से जिले एवं शहर के सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर वहा से पैदल कलेक्ट्रेट कार्यालय की ओर कूच करेंगे और किसानों की मांगों को लेकर प्रदर्शन करेंगे।

आंदोलन के दौरान किसानों की समस्याओं को लेकर प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। उत्तमपाल सिंह एवं प्रतिभा रघुवंशी ने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर किसानों के हक की आवाज बुलंद करने की अपील की है।